तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025



13 सशक्त व समृद्ध भारत निर्माण की ओर अग्रसर...





14 नवापारा-राजिम में धूमधाम से मनाया गया महावीर...











## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाई जायेगी जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है। मैनपुर नगर के बस स्टैण्ड स्थित हनुमान मंदिर में श्री रामसेना हिन्दु संगठन द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा जिसके लिए जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्राम हरदीभाठा से श्रीराम सेना हिन्दु संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष पूजा अर्चना के बाद दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं ग्राम भाठीगढ़, नहानबिरी, देहारगुड़ा, गौरघाट, जाड़ापदर, जिड़ार, बुढ़ार, कुल्हाड़ीघाट, इंदागांव, तौरेंगा, जरहीडीह, शोभा, कोयबा, गरहाडीह, कोकड़ी सहित पूरे क्षेत्र के ग्रामों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाने तैयारी किया जा रहा है।

### टीला में तीन दिनी मानस स्पर्धा आज

**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र के ग्राम टीला (चंपारण) मे 12 अप्रैल से त्रि-दिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हो रहा है,इस प्रतियोगिता मे क्षेत्र व दूरस्थ अंचल की मानस मंडली हिस्सा लेगी उक्त कार्यक्रम श्री हरिहर मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से आयोजित हो रहा है,मानसगान प्रतियोगिता का समापन 15 अप्रैल को होगी। उक्त जानकारी एसकुमार साहू द्वारा दी गई है।

### सिंगारभाठा में जस झांकी प्रतियोगिता आज व कल

**अभनपुर।** जय दुर्गा गायत्री महिला मंडली एवं नवजागरण समूह के तत्वाधान व ग्रामवासियो के सहयोग से दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 13 अप्रैल तक सिंगारभाठा मे रखा गया है। प्रतियोगिता मे आसपास सहित क्षेत्र के ख्याति प्राप्त जस झांकी मंडली अपनी प्रस्तुति देगे। उक्त जानकारी बिरेन्द्र यादव द्वारा प्रदान की गई है।

### सतनामी समाज परिक्षेत्र छुरा मनाएगा अंबेडकर की जयंती

**छुरा।** सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र छुरा एवं सतनामी कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को शाम 4 बजे संजय नगर वार्ड क्रमांक 1 में मनाई जायेगी। नगर के सभी गणमान्य व्यापारी कर्मचारी पत्रकार एवं समस्त समाज के लोगों को इस अवसर पर सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित शामिल होने की अपील की गई है यह जानकारी सचिव राजकुमार लहरे द्वारा दी गई।

### जिले में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा आज

**गरियाबंद।** नगर के आजाद चौक वार्ड क्रमांक 02 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिनभर धार्मिक आयोजनों के साथ शाम को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे हनुमान जी की विशेष आरती और श्रृंगार से होगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे से भोग व भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## समस्या : पूजा के लिए बनाए गए भवन में पंखे की व्यवस्था है न ही बैठने के लिए चबूतरे

# राजिम में महानदी में जलकुंभी ने पसारे पांव, स्वर्ण तीर्थघाट में प्रदूषित पानी पर स्नान करना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अलग खबर

यह कश्मीर की खुबसूरत वादी नहीं राजिम महानदी में प्रदुषण के कारण उगे जलकुंभी की तस्वीर है। इन दिनों महानदी की यह हालत किसी से छिपा हुआ नहीं है। इलाहाबाद के बाद तीन नदियों के संगम राजिम को ही प्रयागराज मानकर प्रदेश के कोने- कोने के लोग पवित्र स्नान करने, शांति पूजन एवं अस्थि विसर्जन के लिए रोज सैकड़ो की संख्या में आते है। राजिम धर्म, आस्था एवं पवित्रता का संगम है। अस्थि विसर्जन एवं शांति पूजा के लिए राजिम महानदी में बनाए घाट को स्वर्ण तीर्थ घाट का नाम दिया गया है। इस घाट पर रोज कई परिवार अपने परिजन के अंतिम क्रिया कर्म के लिए श्रद्धा से आते है। पूजन स्थल को देखकर परिजन को बहुत ही पीड़ा होती है। स्वर्ण तीर्थ घाट पर दो प्रतीक्षालय नुमा भवन, एक सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं एक हैंडपंप हैं। पूजा के लिए बनाए गए भवन में न तो पंखे की व्यवस्था है न ही बैठने के लिए चबूतरे या कुर्सियां उपलब्ध है। पूजन की संपूर्ण प्रक्रिया पंडितजी द्वारा लथपथ पसीने में कराई जाती है। यजमान की सुविधाओं का ख्याल रखने वाला पंडित के अलावा कोई नहीं है। पूजन पश्चात स्नान के लिए महानदी में साफ पानी भी नहीं है। स्वर्ण तीर्थ घाट में नदी की प्रदूषित पानी पर स्नान करना परिजनों की मजबूरी है। पानी इतना प्रदूषित है कि नदी में पवित्र स्नान के बाद परिजनों को हैंडपंप में फिर से नहाना पड़ता है। स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए भी उचित स्थान नहीं है। सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को होती है। महिलाएं स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए यहां वहां स्थान ढूंढती है। मजबूरन उन्हें सुलभ शौचालय में कपड़े बदलने पड़ते है। या कौरी माला की दुकान लगाए लोग उनकी यथा संभव मदद करते है। पूरे स्वर्ण तीर्थ घाट परिसर में पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी के लिए भी परिजनों को यहां-वहां भटकना पड़ता है। आसपास के दुकानदार के सहयोग से बाहर से आने वाले लोग पूजन एवं अस्थि विसर्जन के कार्य को पूर्ण कर पाते है। शुक्रवार को इस घाट में कुछेक बाहर से आए परिजनों ने बताया कि स्वर्ण तीर्थ घाट में नाम के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। राजिम का जो नाम एवं वैभव छत्तीसगढ़ एवं पूरे देश में फैला हुआ है उसके अनुरूप स्वर्ण तीर्थ घाट बनाया जाए। महानदी की सफाई की आवश्यकता है। नदी में पसरे गंदगी को हटाने की जरूरत है। अस्थि विसर्जन एवं शांति पूजन के लिए आए परिजनों की मांग थी कि मृतात्मा के स्वर्गलोक में स्थान के लिए राजिम के स्वर्ण तीर्थ घाट को साफ-सुथरा एवं हरा भरा किया जाए।

**हिंदू रीति में मृत्यु उपरान्त पूजन, विधि विधान एवं पवित्रता का विशेष महत्व-** हिंदू रीति में मृत्यु उपरान्त शांति पूजन, अस्थि विसर्जन एवं विधि विधान का विशेष महत्व है। मृत्यु उपरान्त पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। मृत्यु हो जाने पर उसे ईश्वर स्वरूप माना जाता है। ऐसे में परिजन श्रद्धा पूर्वक अंतिम संस्कार के लिए राजिम आते है। प्रदूषित नदी एवं अंतिम क्रियाकर्म स्थल को देखकर उन्हें बहुत पीड़ा होती है। परिजनों की मंशा के अनुरूप वास्तव में राजिम स्वर्ण तीर्थ घाट में आवश्यक सुविधाएं,नदी की सफाई एवं स्वच्छ जल के बहाव के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।





### सुविधाएं उपलब्ध करवाने 45 लाख रुपए स्वीकृत



इस संबंध में राजिम नगर पंचायत के नए अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि यह मेरे संज्ञान में है। बाहर से यहां अस्थि विसर्जन करने आने वालो की असुविधा के स्थिति को देखकर मुझे भी बहुत पीड़ा होती है। मेरे नगर पंचायत अध्यक्ष बनते ही सफाई कर्मियों का टीम भेजकर साफ-सफाई करवाई गई थी। किंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। कहा कि विधायक रोहित साहू द्वारा स्वर्ण तीर्थ घाट में सर्वसुविधायुक्त भवन एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 45 लाख रुपए की स्वीकृति कराया गया है। जिसमें शांति पूजा के लिए भवन निर्माण, पूरे परिसर को हरा-भरा करने एवं बैठने के लिए आराम दायक स्थल बनाने की योजना है। नदी की सफाई के लिए मेरा प्रयास प्रारंभ है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आगामी कुछ माह में स्थिति बदली हुई नजर आएगी।

## आंधी के साथ हुई बारिश...




**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और कहीं –कहीं आंधी तूफान के साथ बारिश भी हुई है। मैनपुर नगर में भी हल्की बारिश की बौछार पड़ी तो वहीं देर शाम इंदागांव और तौरेंगा के बीच आंधी तूफान बारिश से लोग परेशान हो गए।


# पानी की तलाश में गांव में पहुंच रहे वन्यप्राणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

भीषण गर्मी के चलते भूमि का जल स्तर निचले स्तर में पहुंचने के कारण नदी, तालाब, पोखर सूखने लगे हैं। जिससे वनांचल ग्रामों में इन दिनों जंगली जानवर पानी की तलाश में गांव की ओर आने लगे हैं। जिससे आम राहगीरों के लिए खतरों से खाली नहीं है। ये जानवर कभी भी उग्र हो कर हमला कर सकता हैं। इस बीच शुक्रवार को सुबह 10 बजें के आस पास ग्राम लोहझर पंडरीपानी मार्ग की ओर कोरियापाठ डोंगरी के तरफ नर भालू को भागते देखें गए हैं। सक्त हिदायत दी गई हैं की लोहझर पंडरीपानी कृष्णा पोल्ट्री फॉर्म गोंडवाना एसी पोल्ट्री फॉर्म, केवल पोल्ट्री फॉर्म एवं आसपास के गांव के ग्रामीणजन सतर्क रहें। यह जानकारी प्रत्यक्ष दर्शी विनोद कुमार यादव ने दी हैं।



### श्रमदान कर झरिया निर्माण



**मैनपुर।** जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल क्षेत्र में इन दिनों बढ़ती गर्मी को देखते हुए वन्यप्राणियों को जंगल के भीतर पानी उपलब्ध कराने के लिए श्रमदान कर झरिया का निर्माण किया जा रहा है जिससे वन्यप्राणियो को आसानी से पानी उपलब्ध हो सके। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने सभी वन कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अपील किया है कि जंगल के भीतर सुख चुके नदी नालों में 5 -5 झरिया श्रमदान कर बनाया जाए।

### ओम प्रकाश ने लगाई मदद की गुजार


**मैनपुर।** जमीन पर घसीटकर चलता हुआ यह ओमप्रकाश प्रधान है जो अपनी किस्मत के मारे जिंदगी जीने को मजबूर हैं। ऐसा नहीं है कि जन्म से ओमप्रकाश की यह स्थिति है। दअरसल एक दुर्घटना ने ओमप्रकाश को इस हालात में जीने को बेबस कर दिया है पहले ओमप्रकाश मिस्त्री का काम करता था जिसके बाद बिजली की करेंट ने उसके पैर को दिव्यांग बना दिया जिसके बाद ओमप्रकाश दिव्यांग हो गया है और अब बूढ़ी मां, पत्नी और दो बच्चे की जिम्मेदारी ओमप्रकाश के कंधे है अब ओमप्रकाश प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार से मदत की गुहार लगा रहा है तो वहीं जनपद पंचायत देवभोग के सीईओ रवि सोनवानी ने बताया की ओमप्रकाश को 25 हजार का लोन उपलब्ध कराया गया है आगे और भी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं ओमप्रकाश प्रधान अब सरकार से आर्थिक रूप से मतद की भीख मांग रहा है।



## भाजपा, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता हुए शामिल

# नगर में शस्त्र प्रदर्शन कर निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर में बुधवार की शाम भगवान राम के प्रति आस्था से प्रेरित होकर सरस्वती शिशु मंदिर से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा अस्त्र-शस्त्र के साथ शौर्य प्रदर्शन करते हुए निकाली गई। बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शोभा यात्र में हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। शोभायात्रा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शाम होते ही जैसे ही शोभा यात्र डीजे और डोल-नगाड़ों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से निकली, पूरा नगर जय श्री राम और राम लला की जय नारों से गूंज उठा।

यात्र की शोभा बढ़ाते हुए आकर्षक झांकियों में भगवान श्रीराम की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए नगरवासियों सहित ▶▶|शेष पेज 13 पर



# कृषि विभाग ने किसानों से खाद का अग्रिम उठाव करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सीजन में उर्वरक खाद लेने होड़ मच जाती है। किल्लत और परेशानी से बचने के लिए कृषि विभाग ने अग्रिम उठाव की अपील की है। आगामी खरीफ सीजन के लिए कृषि विभाग अभी से तैयारी शुरू कर दिया है ताकि सीजन में किसानों की कोई परेशानी न हो।

कृषि विभाग के उपसंचालक चन्दन राय ने बताया कि सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण एवं उर्वरकों का वितरण प्रारम्भ कर दिया गया है। दिनांक 8 अप्रैल की स्थिति में जिले के सहकारी समितियों में यूरिया 3163, सुपर फास्फेट 1655, डीएपी 490, पोटाश 516 तथा एनपीके 188 मिट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। विभाग ने मूल्य को भी सार्वजनिक किया है ताकि कालाबाजारी न हो सके। डीडीए ने जारी पत्र में बताया कि यूरिया 266.50 रुपए, एसएसपी पाउडर 469.00 रुपए, एसएसपी दानेदार 510.00 रुपए, डीएपी 1350.00 रुपए, एनपीके 1470.00 रुपए एवं पोटाश 1500.00 रूपये प्रति बैग का दर भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। चन्दन राय ने कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि सीजन में एक साथ खाद की मांग बढ़ जाने के कारण उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित होती है। वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति हो रही है एवं आसानी से खाद उपलब्ध है। भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए किसान भाई उर्वरक का अग्रिम उठाव अवश्य करें। शून्य प्रतिशत ब्याज दर होने के कारण किसानों को अग्रिम उठाव करने पर अतिरिक्त राशि देना नही पड़ेगा।

**खबर संक्षेप**



### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

**रायपुर।** एमिटी अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय रायपुर में 'ग्रेजुएशन डे' का रंगारंग और भावनात्मक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया। यह प्रस्तुति जीवंत और ऊर्जावान थी, जिसने उत्सव के माहौल में पहुंचा दिया। ग्रेड नर्सरी के नन्हे बच्चों ने रंगबिरंगे नृत्य प्रस्तुत किए। नृत्य, गीत और अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास और मेहनत साफ झलक रही थी। समारोह का सबसे विशेष क्षण तब आया, जब ग्रेड यूकेजी के बच्चों को 'स्नातक प्रमाणपत्र' प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्पिता मजूमदार ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों के विकास की सराहना की। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के चौहान, डॉ. अमिता चौहान सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन का किया स्वागत



**रायपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन प्रहलाद रजक का लखनऊ उत्तरप्रदेश से प्रवास से लौटते वक्त एयरपोर्ट पर प्रदेशभर के हजारों धोबी समाजजनों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। साथ ही उत्साहित समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। एयरपोर्ट से काफिला प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां प्रदेश प्रभारी अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व विधायक सियाराम साहू सहित अन्य पदाधिकारियों से भेंट कर प्रहलाद रजक की नियुक्ति पर आभार जताया।

### हनुमान जन्मोत्सव एवं महाआरती कल महाभंडारा 13 को

**रायपुर।** पचपेड़ी नाका स्थित दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया है। मंदिर के संस्थापक पं. राजेंद्र पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष भी शनिवार को दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमानगढ़ी जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 5.30 बजे जन्म महोत्सव मनाया जाएगा और रात्रि 8 बजे महाआरती होगी। दूसरे दिन 13 अप्रैल को महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।



# परीक्षा में बेहतर अंक दिलाने का झांसा देने वाला गिरोह सक्रिय, मुख्यालय ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक के साथ ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा आयोजित होने के बाद अंक बढ़ाने के साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थी तथा पालकों को जालसाजों से सतर्क करने अलर्ट जारी किया गया है।

अलग खबर

## बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद पास कराने का झांसा देने वाला गिरोह सक्रिय




### जालसाजों से बचने के उपाय बताए

*मुख्यालय द्वारा जारी अलर्ट में जालसाजों से बचाव के तरीके बताए गए हैं। मुख्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक पालकों, शिक्षकों और विशेषकर बच्चों को यह जानकारी होना चाहिए कि किसी भी परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण कराने एवं नंबर बढ़ाने के संबंध में कोई भी कॉल या लिंक प्राप्त होता है, तो ऐसे कॉल्स का जवाब न दें और पुलिस को सूचित करें। साथ ही इस संबंध में यदि कोई लिंक प्राप्त होता है तो लिंक को न खोलें। अपनी बैंकिंग जानकारी ओटीपी, यूपीआई डिटेल्स आदि किसी के साथ साझा न करें। ऐसे सूचनाओं की पुष्टि स्कूल या परीक्षा केंद्र से करें। त्रुटिवश कॉल्स रिसिव कर लेने या लिंक खोलने पर ठगी का शिकार होने की स्थिति में इसकी शिकायत तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराते हुए निकटतम पुलिस थानें में इसकी सूचना देने के लिए कहा है।*

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक परीक्षा होने के साथ ही अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षा होने वाली है। इसका फायदा उठाने साइबर ठग परीक्षार्थी तथा उनके पालकों को शिक्षा विभाग से जुड़े होने का दावा करते हुए परीक्षा में पास कराने बेहतर अंक दिलाने कम्प्यूटर डेटा चेंज करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बना सकते हैं। इसके लिए जालसाज फीस या चार्ज के नाम पर बैंक एकाउंट या यूपीआई डिटेल्स प्राप्त कर ठगी का शिकार बना सकते हैं। ऐसे तत्वों पर निगरानी रखने राज्य की साइबर पुलिस टीम द्वारा निगरानी करने की व्यवस्था की गई है।

## ज्यादातर केंद्रों में 25 प्रतिशत से भी कम डाटा ही ऑनलाइन एंट्री

# गर्मी में बदला आंगनबाड़ी केंद्रों का समय, 4 घंटे ही खुल रहे, मोबाइल की सुविधा नहीं, इसलिए एप में एंट्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों की तरह आंगनबाड़ी केंद्रों के समय और घंटे दोनों में एक अप्रैल से बदलाव किया गया है। इसके तहत अब सभी आंगनबाड़ी सुबह 7 से 11 बजे तक खोले जा रहे हैं। इससे पूर्व सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक खोले जाते थे। इस तरह समय में बदलाव के साथ इसके संचालन के समय में 2 घंटे कम भी किए गए हैं। समय में किए गए बदलाव से आंगनबाड़ी पहुंचने वाले बच्चों और महिलाओं को भी काफी राहत मिल रही है, क्योंकि इन केंद्रों में गर्मी से राहत दिलाने के लिए कूलर तक की व्यवस्था नहीं है। इधर दूसरी ओर केंद्रों में पोषण ट्रैकर एप लागू किया गया है। मोबाइल एप्लिकेशन एप के माध्यम से ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्रों में दर्ज हितग्राहियों के साथ खुद का सारा डाटा अनिवार्य रूप से अपलोड करना है, लेकिन इस एप से कार्यकर्ताओं को एंट्री करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण ज्यादातर केंद्रों में 25 प्रतिशत से भी कम डाटा ही ऑनलाइन एंट्री की गई है।

हरिभूमि ने गुरुवार को शहर में आंगनबाड़ी केंद्रों की पड़ताल की। इस पड़ताल में पता चला कि गर्मी के कारण सभी केंद्रों के खुलने के समय में बदलाव किया गया है। इसके तहत सुबह 7 बजे से 11 बजे तक केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इस बदलाव से हितग्राहियों को दोपहर की तेज गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन बच्चे अभी भी गर्मी से परेशान हो रहे हैं। गर्मी से बचाने के लिए केंद्रों में कूलर आदि की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण बच्चे भी आंगनबाड़ी केंद्रों में ज्यादा समय तक बैठ नहीं रहे हैं।







### बच्चों के आधार भी बने नहीं

केंद्रों में ऐसे कई केंद्र हैं, जहां आधे से ज्यादा बच्चों के आधार ही बन नहीं पाए हैं। इन केंद्रों में अब तक बिना आधार के ही बच्चों को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जबकि नए एप नियम के तहत जिन बच्चों को केंद्रों में लाभ दिया जा रहा हैं, उन सभी के आधार भी अपलोड करना अनिवार्य है। ऐसे में जिनके आधार बन नहीं पाए हैं, उन बच्चों को आगामी महीनों में योजना का लाभ नहीं दिए जाने की भी संभावना बनी हुई है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आधार को ऑनलाइन करना अनिवार्य जरूर किया गया है, लेकिन किसी कारण से बन नहीं पाए हैं तो उसके बनते तक योजना का लाभ मिलता रहेगा, उसमें कटौती नहीं की जाएगी।

**केस:1** मठपुरैना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 10 के संचालिका कार्यकर्ता महेश्वरी देवांगन ने बताया कि मोबाइल एप के माध्यम से एंट्री करना शुरू किया है, लेकिन बहुत दिक्कत आ रही है। मोबाइल ज्यादा उपयोग किया नहीं अब करना पड़ रहा है। उनका मोबाइल बहुत सस्ता और पुराना है, जिसमें सर्वर की समस्या भी है। इसके कारण एंट्री करने में परेशानी हो रही है। 122 बच्चे हैं, जिनमें कईयों के आधार बने नहीं पाए हैं। उनके माता-पिता को जल्दी बनाने कहा गया है।

**केस:2** मठपुरैना भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 9 की संचालिका कार्यकर्ता शोभा दुबे ने बताया कि उनके यहां 32 बच्चों के नाम दर्ज हैं, लेकिन 50 बच्चे ऐसे हैं, जो सुपोषण चौपाल के दिन उनके केंद्र में आते हैं। इनमें ज्यादातर बच्चों के आधार बने नहीं हैं। मोबाइल का बहुत कम उपयोग करती हूं, लेकिन अनिवार्य किया गया है, इसलिए इस्तेमाल करना पड़ रहा है। एंट्री करने में परेशानी हो रही है। ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्रों में ऐसी स्थिति ही है। यहीं कारण है कि जिले में एप से एंट्री के कार्य धीमी गति से चल रहे हैं।

### महंगा मोबाइल नहीं, इंटरनेट की स्पीड कम, इसलिए ऑनलाइन एंट्री में आ रही दिक्कत

*सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल करने पोषण ट्रैकर एप लागू किया है। यह मोबाइल एप्लिकेशन एप है, जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड कर उसमें अपना और हितग्राहियों को योजना के तहत दिए जाने वाले पोषण आहार का हितग्राही के साथ लाइव फोटो अपलोड करना है। इस कार्य के लिए कार्यकर्ताओं को अच्छा महंगा मोबाइल के साथ फास्ट इंटरनेट की सुविधा भी होना, लेकिन ज्यादातर कार्यकर्ताओं के पास खुद के पुराने और सस्ते मोबाइल है, जिसमें थ्रीजी व फोरजी इंटरनेट की सुविधा है। इसके कारण मोबाइल में एप डाउनलोड तो रहा है, लेकिन फास्ट चल नहीं पा रहा है, जिसके कारण डाटा की एंट्री भी ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक ओर जहां सर्वर की समस्या आ रही है, वहीं वे मोबाइल का इस्तेमाल भी बहुत कम करती हैं, ऐसे में सारी चीजों की एंट्री मोबाइल में करने में परेशानी आ रही है।*

**मानव श्रृंखला बनाकर श्रमदान**

## चंगोराभाठा के महादेवा तालाब में महापौर ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को चंगोराभाठा क्षेत्र स्थित महादेवा तालाब में श्रमदान किया। इस मौके पर मानव श्रृंखला बनाकर वार्ड वासियों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वच्छ सरोवर का संदेश दिया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान की यह एक कड़ी रही। नगर निगम जोन 5 के डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड में महादेवा तालाब को स्वच्छ रखने शहर की प्रथम नागरिक मीनल चौबे ने श्रमदान किया।

- मित्र, स्वच्छता दीदी, स्वयंसेवी संगठनों ने स्वस्फूर्त होकर किया सहयोग

इस मौके पर वार्ड पार्षद दुर्गा-यादराम साहू, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, लाखेनगर मंडल अध्यक्ष सचिन सिंघल, नगर निगम जोन 5 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू सहित गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर तालाब से कचरा उठाकर श्रमदान में सहभागी बने।

### व्यापम भर्ती परीक्षा की कोचिंग देगा रविवि

**रायपुर।** यूजीसी नेट की कोचिंग देने के बाद अब पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए भी कोचिंग देने की तैयारी है। व्यापम द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जाने वाली है। रविवि इसके लिए 23 अप्रैल से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निशुल्क कोचिंग देगा।

## विधायक ने चंदूलाल से मुलाकात की



**राजिम।** छत्तीसगढ़ गृह भण्डार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने शुक्रवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने उनसे मुलाकात कर पदभार ग्रहण शुभकामनाएं दी। विधायक साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ गृह भंडार निगम की जिम्मेदारी एक महत्वपूर्ण पद है। उन्होंने विश्वास जताया कि चंदूलाल साहू के नेतृत्व में निगम और अधिक सशक्त और जनहितैषी बनेगा। उनके कार्यकुशलता, दूरदर्शिता और समर्पण से इस संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में सफलता मिलेगी। किसानों की भंडारण से जुड़ी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। उनके नेतृत्व में संस्था अधिक पारदर्शी, सशक्त और कृषक हितैषी बनकर उभरेगी।

## एक साल में 1132 गाड़ियां, 36 मशीनें पकड़ाईं 3 करोड़ 85 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग ने पिछले एक वर्ष के दौरान रेत, मुरुम, गिट्टी एवं फर्शी पत्थर के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के प्रकरणों में 1132 गाड़ियों को पकड़ा है। इसके अलावा पोकलेन व चेन माउंटेन सहित 36 मशीनें भी जब्त की गई हैं। इस तरह सभी प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए विभाग ने 3 करोड़ 85 लाख रुपए से ज्यादा राशि अर्थदंड के रूप में गाड़ियों के मालिकों से वसूल किया है। विभाग के अधिकारी केके गोलघाटे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज सामग्री के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों के खिलाफ जमकर अभियान चलाया है। यह अभियान का ही परिणाम है कि जिले में इतनी बड़ी संख्या में गाड़ियों को पकड़कर जुर्माना राशि वसूल की है।

*जिले में खनिज विभाग ने रेत, मुरुम, गिट्टी, फर्शी पत्थर के अवैध उत्खनन-परिवहन व भंडारण मामल में की कार्रवाई*




### एक वर्ष में की गई कार्रवाई एक नजर में

| | प्रकरण | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| अवैध परिवहन | 1038 | 3 करोड़ 11 लाख 40 हजार |
| अवैध उत्खनन | 87 | 67 लाख 93 हजार |
| अवैध भंडारण | 7 | 6 लाख 11 हजार |

### रात में भी चलाया अभियान

*विभागीय अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के अनुसार जिले में खनिज सामग्रियों का अवैध खनन-परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए दिन के अलावा रात में भी अभियान चलाया गया। इसके तहत विभाग की टीम को रात में भी निरीक्षण के लिए भेजा गया। इस निरीक्षण के दौरान रात में दो दर्जन से ज्यादा कार्रवाई भी की गई, जिसमें बिना रायल्टी के रेत, मुरुम से भरी दर्जनों गाड़ियों को रायल्टी पर्ची की चेकिंग के दौरान पकड़ा गया।*

### दूसरे जिले की गाड़ियां भी पकड़ी गईं

*चेकिंग के दौरान रायपुर में पकड़ी गई रेत से भरी गाड़ियों में दूसरे जिलों की गाड़ियां भी है। इनमें धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव आदि जिलों की हाईवा गाड़ियां शामिल हैं। इन गाड़ियों में रेत भरी हुई थी जिसे बिना रायल्टी पर्ची के दूसरे जिलों से रायपुर और रायपुर होकर दूसरे जिलों की ओर ले जाया जा रहा था।*

**निगम की उदासीनता, लोग हैरान**

# तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव के हाई मास्ट पोल से ध्वज गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव परिक्रमा पथ में स्थापित विशाल ध्वज हाई मास्ट पोल से गायब है। इसे देखकर जहां लोग चौंक रहे हैं, वहीं निगम प्रशासन आंख मूंदे हुए है, जबकि 9 साल पहले नगर निगम ने ही 98 लाख रुपए खर्च कर पूरे तामझाम के साथ 82 मीटर हाई मास्ट पोल पर इस ध्वज को तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के हाथों ध्वजारोहण कराया। इसकी देखरेख का हाल ये है कि सप्ताहभर से हाई मास्ट पोल बिना ध्वज के निगम प्रशासन को मुंह चिढ़ाते नजर आ रहा है। इधर जिला प्रशासन और निगम के आला अधिकारी सुशासन तिहार में व्यस्त हैं। राजधानी वासियों में राष्ट्रप्रेम और आत्मगौरव की अनुभूति कराने वाला देश का सबसे ऊंचा हाई मास्ट पोल पर स्थापित ध्वज नदारद है। दूर से केवल खाली पोल ही नजर आ रहा है, जबकि इससे पहले तेलीबांधा सहित आसपास के क्षेत्र से ध्वज को शान के साथ लहराते हुए देखकर लोग गौरवान्वित होते थे। जगमग रोशनी के बीच चमकते ध्वज को देखकर लोग वहां कुछ देर रुक कर सुंदर प्राकृतिक नजारा का आनंद उठाते थे। अब ऐसी स्थिति नहीं है, हाई मास्ट पोल वीरान पड़ा है। सूत्रों के मुताबिक मौसम परिवर्तन को देखते हुए ध्वज को उतार कर सुरक्षित रखा गया है। हैदराबाद की एजेंसी को निगम ने 1 साल के लिए इसके मेंटनेंस और निगरानी के लिए अनुबंधित किया है। एजेंसी के 2 कर्मचारी शिफ्ट वाइज हाई मास्ट पोल पर फहराने वाले ध्वज की देखरेख और प्रकाश की व्यवस्था देखते हैं।

- देश में सबसे ऊंचे हाई मास्ट पोल पर 70 फीट चौड़ा, 105 फीट लंबा ध्वज
- 9 साल पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के हाथों हुआ था ध्वजारोहण



### ध्वज से जुड़ी कुछ बातें

- 82 मीटर हाई मास्ट पोल पर स्थापित है ध्वज
- पोल का वजन 18 टन, 84.87 मीटर फाउंडेशन 24 नट बोल्टों के सहारे स्थापित
- 5 एचपी का मोटर झंडा चढ़ाने और उतारने के लिए
- ध्वज पर रोशनी बिखेरने 4 एलईडी लाइट
- देश के सबसे बड़े हाई मास्ट पोल पर ध्वज होने का गौरव, रांची दूसरे नंबर पर जहां
- 81 मीटर ऊंचे हाई मास्ट पोल पर ध्वज

## रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए अमितेश



**फिंगेश्वर।** नगर में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर 10 अप्रैल को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री अमितेश शुक्ल शामिल होकर भगवान श्री राम की पूजा कर क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में फिंगेश्वर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, पार्षद अनिल चंद्राकर, पार्षद कमल यदु, युवराज सिन्हा, शुभम जैन, लीलाधर साहू आदि उपस्थित रहे।

### नाली निर्माण के लिए नपं अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**राजिम।** वार्ड नंबर 14 में नाली निर्माण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, सभापति कुलेश्वर साहू, मंशाराम कुर्रे, भारत यादव, उत्तम निषाद, सुरेश पटेल, अजय पटेल, जितेंद्र, राजेश साहू, डोमन ढीवर साहू, राजेश साहू, विकास वर्मा, सुभाष साहू, शिव देवांगन , ईश्वर साहू, मेघराज साहू मौजूद थे।



खबर संक्षेप



## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों को सजाया गया

**रसेला।** भगवान राम दुत हनुमान जी का जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र भर में तैयारियां प्रारंभ हो गई है। हनुमान जी का जन्मोत्सव 12 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जायेगा जिसको लेकर हनुमान मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा किया गया है। ग्राम रसेला के हृदय स्थल हनुमान मंदिर में आज 3 बजे विधि विधान से विशेष पूजा अर्चना कर पाठ किया जावेगा। इसके पश्चात संगीतमय मानस गान होगा। इस हनुमान मंदिर की स्थापना 2006 दिन शनिवार तिथि विक्रम संवत 2062 को संत श्री भुवनेश्वरी शरण व्यास के द्वारा हनुमान जी मूर्ति स्थापना समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया। धीरे-धीरे हनुमान भक्त अपनी मनोकामना को लेकर यहां आते गये और उनकी मनोकामना पूरी होते गयी जिससे लोगों की हनुमान जी के प्रति आस्था बढ़ते गयी। इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की भांति लड्डू ,खीर, पुडी, हलवा का भोग लगाकर प्रसाद वितरण के साथ मानस मंडली द्वारा संगीतमय मानस गान का आयोजन किया जा रहा है। वहीं हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद दिन भर खीर पुडी हलवा प्रसाद हनुमान जी की कृपा से वितरण किया जाएगा। जिसको लेकर आवश्यक तैयारी पूरी की जा चुकी है। साथ ही साथ आज गांव में चैतराई जात्रा मनाया भी जा रहा है। जिसमें गांव के देवी देवताओं का विशेष पुजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे।

पेज 11 का शेष...

### नगर में शस्त्र...

दूर-दराज से से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा के मार्ग पर घरों से निकलकर महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्रीराम की मंगल आरती की। वहीं नगर के प्रमुख चौराहों पर श्रद्धालुओं के लिए शरबत और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा जब नगर के हृदय स्थल, पुराना बस स्टैंड पहुंची तो वहां सैकड़ों युवाओं ने एलईडी लाइट्स और अत्याधुनिक साउंड सिस्टम के बीच सामूहिक रूप से नृत्य करने लगे।

**हनुमान चालीसा का हुआ पाठ-** शोभायात्रा में हनुमान चालीसा का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। व्यवसायिक क्षेत्रों से गुजरते हुए शोभायात्रा का व्यापारियों द्वारा फूलों की वर्षा एवं जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का समापन बस स्टैंड में भगवान श्रीराम की महाआरती के साथ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस श्रद्धालुओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जयघोष से के नारे लगाए। अंचल सहित दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे एक धार्मिक मे शामिल हुए। उक्त अवसर पर शिशुपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, गौरीशंकर कश्यप जिला पंचायत अध्यक्ष, भूपेंद्र साहू जिला कार्यवाहक वाहक आरएसएस, डिगेश्वर वर्मा, मनीष हरित, अमन शर्मा, मुकेश साहू, मोहित साहू, वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, अशोक साहू, किरणेश सोनी, राकेश सिन्हा, होरीलाल साहू, योगेश ठाकुर, महिलाओं मे संतोशी श्रीवास्तव, पदमा यदु, शांति कोसरे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुए।

**आधुनिक तकनीकी : 27 हितग्राहियों के द्वारा जलाशय के बीचों बीच केज निर्माण कर किया जा रहा मछली पालन**

# सिकासार जलाशय में केज कल्चर से मछली पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में भी अब आधुनिक तकनीकी से मछली पालन किया जा रहा है तहसील मुख्यालय मैनपुर से 28 किमी दूर जिले के मुख्य सिकासार जलाशय में केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में 27 हितग्राहियों के द्वारा यहां जलाशय के गहराई पानी में चारों तरफ केज निर्माण कर लगभग 3 लाख से अधिक मछली बीज डालकर मछली पालन किया जा रहा है जो निश्चित रूप से मतस्य पालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना अंतर्गत प्रदेश में वर्ष 2020-21 में यह योजना प्रारंभ किया गया है लेकिन जिले के सिकासार जलाशय में अभी महज डेढ़ वर्ष से यह योजना संचालित हो रहा है। सिकासार जलाशय में पहुंचने वाले पर्यटक दूर से इस केज को देखकर इसके संबंध में उत्सुकता से जानकारी लेना हरिभूमि की टीम ने इस संबंध में पड़ताल किया तो मतस्य विभाग द्वारा यह मछली पालन की दिशा में काफी महत्वपूर्ण योजना बताई गई है किसी भी बड़े जलाशय में गहरे पानी में चारों तरफ घेरा लगाकर केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन किया जाता है जिसमें मछली के बच्चों को डाला जाता है और यह मछली 8 से 10 माह में एक से डेढ़ किलो वजन का होता है जिसे

अलग खबर





**सिकासार जलाशय मछली उत्पादन के क्षेत्र में पहले से काफी चर्चित रहा**

सिकासार जलाशय का पानी से पूरे जिले के गरियाबंद, पांडुका, राजिम और महासमुंद क्षेत्र में जहां सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराई जाती है। वहीं यह जलाशय मछली उत्पादन के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण जलाशय के रूप में जाना जाता है। इस जलाशय में मिलने वाली मछली का मांग बड़े शहरों रायपुर, बिलासपुर और पूरे प्रदेश में काफी ज्यादा है यहां के मछली को स्वादिष्ट माना जाता है अब इस जलाशय में केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन की दिशा में और महत्वपूर्ण स्थान जल्द ही प्रदेश में बनने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने मछली पालन के क्षेत्र में सुधार और विकास के लिए व्यापक रणनीति अपनाई है छोटे और सीमांत मछली किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए विशेष ऋण योजनाएं शुरू की गई हैं इसके साथ ही उन्नत प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है महिलाओं और युवाओं को मछली पालन में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए सामुदायिक तालाबों के माध्यम से उनके लिए नए अवसर उत्पन्न किए गए हैं।

आसानी से निकाला जा सकता है और बाजार में इसकी मांग काफी बनी रहती है। आजीविका और रोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में केन्द्र सरकार का महत्वपूर्ण कदम है मतस्य पालन की इस नई तकनीक से ताजी और स्थानीय मछलियां बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाती है केज कल्चर तकनीक ने गरियाबंद जिले में मछली उत्पादन के क्षेत्र में आने वाले समय में नये आयाम स्थापित करेगी और स्वरोजगार आत्मनिर्भरता की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**केंद्र सरकार की योजनाओं का राज्य के विकास में योगदान-** केंद्र सरकार की योजनाओं ने छत्तीसगढ़ में मछली पालन के क्षेत्र को नई ऊर्जा प्रदान की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत राज्य में जल संसाधनों के बेहतर उपयोग, मछली उत्पादन में वृद्धि और मछुआरा समुदाय की आय में सुधार के लिए कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं नीली क्रांति योजना के अंतर्गत टिकाऊ मछली पालन और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**प्रदेश में मछली उत्पादन का बढ़ता दायरा-** छत्तीसगढ़ मछली उत्पादन में न केवल राज्य की जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपने उत्पादों की पहचान बना रहा है राज्य सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को भारत का मछली पालन केंद्र बनाना है, और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं राज्य की मछली पालन क्षमता का उपयोग करते हुए किसानों और मछुआरों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी अवसर पैदा किए जा रहे हैं मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार टिकाऊ मछली पालन की दिशा में भी काम कर रही है जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए विशेष योजनाएं तैयार की गई हैं जैव विविधता को संरक्षित करते हुए पर्यावरण-अनुकूल मछली पालन प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्र सरकार की योजनाओं का समन्वय छत्तीसगढ़ को मछली पालन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।

**मछली पालन की आधुनिक तकनीक-** मतस्य विभाग गरियाबंद के सहायक संचालक आलोक वसिष्ट ने बताया की सिकासार जलाशय में केज कल्चर में जाली से पिंजरे बनाकर उनमें मछलियों को पाला जा रहा है। यह मछली पालन की एक आधुनिक तकनीक है। सिकासार जलाशय में डेढ़ दो वर्षों से यह योजना का शुभारंभ किया गया है जिसमें 32 यूनिट केज का निर्माण किया गया था लेकिन 5 यूनिट कोडार जलाशय महासमुंद भेजा गया है वर्तमान में 27 हितग्राहियों द्वारा केज के माध्यम से मछली पालन किया जा रहा है।



## सुशासन तिहार विकास में मील का पत्थर साबित होगा : ओमकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण पहल सुशासन तिहार के लिए आयोजित किए गए शिविर में नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू लगातार पहुंच रही है। उन्होने कहा कि सुशासन तिहार विकास में मील का पत्थर साबित होगा। शिविर में नगर पालिका के सभी कर्मचारियों से कहा कि समस्याओं से संबंधित आवेदन को गंभीरता से ले और हल करने की दिशा में पूरा प्रयास करें। कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार संवाद एवं समाधान के संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आम जनता से उनकी समस्याओं से रूबरू होने के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही मोड में आवेदन स्वीकार किया गया। ऑफलाइन मोड के आवेदन शिविरों के माध्यम से प्राप्त किया जा रहे हैं। प्राप्त सभी आवेदनों का समाधान आगामी एक माह में किया जाएगा। पालिकाअध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि नवापारा के सभी 21 वार्डों में नगर पालिका द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका के अतिरिक्त अन्य सभी विभागों के आवेदन लिए जा रहे हैं प्राप्त आवेदनों की छटनी पश्चात संबंधित विभाग को आवेदन भेज दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निदान के लिए शासन की यह महत्वपूर्ण पहल सुशासन तिहार 2025 छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

**प्रदेश के प्रतिष्ठित मानस मंडलियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों को बताया**

## मनुष्य का कर्म उसके भाग्य की दशा व दिशा को निर्धारित करता हैं : विधायक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पटेवा में श्री मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से तीन दिवसीय अखंड रामायण में भव्य मानस गान का आयोजन किया गया, मानस गान के प्रथम दिवस प्रदेश की प्रतिष्ठित मानस मंडलियों की व्याख्याकारों ने रामायण की विभिन्न प्रसंगों को बताया। नवयुवक मानस परिवार गाड़ी अहिवारा की व्याख्याकार विश्वनाथ साहू ने कहा कि शबरी की भांति राम को पाने के लिए परीक्षा की नहीं प्रतीक्षा की आवश्यकता होती है। आयोजन के द्वितीय दिवस अतिथि के रूप में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू ,मुकेश ढीढी , दौवाराम साहू प्राधिकृत सोसाइटी अध्यक्ष पटेवा ,कृष्ण यशवंत साहू सरपंच ग्राम पंचायत पटेवा द्रौपदी निर्मलकर, बीशा साहू ,तारिणी यादव ,प्रभा पाल अनीताउमेश साहू ,पंचगण शामिल हुए।

विधायक इंद्रकुमार साहू ने इस अवसर पर कहा कि राम के नाम से ही जीवन में सफलता आ जाती है राम के नाम अपने नाम के साथ जुड़ जाता है तो व्यक्ति का नाम पवित्र हो जाता है। मनुष्य का कर्म उसके भाग्य की दशा व दिशा को निर्धारित करता हैं इसलिए मनुष्य को चाहिए अपने कर्मों का निर्धारण बहुत ही सोच समझकर करें। कृष्ण यशवंत साहू सरपंच ग्राम पंचायत पटेवा ने कहा कि कलयुग में भवसागर पार करने के लिए श्री राम कथा एक सरल माध्यम है राम का नाम लेना श्रवण करना यही तो भक्ति है और भक्ति से ही शक्ति की प्राप्ति होती है। समापन के अंतिम दिवस मां शारदा मानस परिवार नारायणपुर उत्तर बस्तर के व्याख्याकार राकेश वैष्णव ने अपने मधुर आवाज से एक से बढ़कर एक भजन मेरे भोले के हाथों में डमरू है जैसे अनेको भजनों के माध्यम से श्रोताओं को खुश कर दिया। पारसमणी मानस मंडली पुरानी बस्ती रायपुर ने अपने व्याख्यान से राम रस का रसपान कराया।

**श्रीरामचरितमानस भवसागर से पार लगाने का सरल सहज मार्ग है-** व्याख्याकार पारसमणी पटेल ने कहा कि श्री रामचरितमानस भवसागर से पार उतरने का सरल सहज मार्ग है। राम नाम के उच्चारण मात्र से ही सारे तीर्थ का पुण्य प्राप्त हो जाता है ,मोह के विषय में, वास्तु दोष का उपाय ,तुलसी पौधा की महिमा आदि विषय में व्याख्या किया गया। मंच संचालन अध्यक्ष घनश्याम साहू एवं जोगीराम साहू ने की। कार्यक्रम के अंतिम दिवस में विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारो लोग प्रसादी ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्यारेलाल साहू, मिलन यादव, केशव साहू, मोहन साहू, गोपी राम साहू, धनीराम साहू ,लक्षण निर्मलकर, भंवरु पाल, फिरंगी तारक, हरिश्चंद्र पाल उप सरपंच, झमन साहू, टीकाराम तारक, पंच भूषण साहू पंच, ओमप्रकाश ध्रुव पंच आयोजन समिति के सभी सदस्य गण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**भाजपा सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन अमलीपदर में संपन्न**

## सशक्त व समृद्ध भारत निर्माण की ओर अग्रसर है भाजपा : गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा मंडल कांदाडोंगर सक्रिय सदस्य एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन ग्राम अमलीपदर स्थित मानस भवन में आहूत किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी एवं भाजपा जिला महामंत्री पुनित राम सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कांदाडोंगर नवीन मांझी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहना नेताम एवं वरिष्ठ भाजपा नेता निर्भय सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दिनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा भाजपा वि"व के सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी है



और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी की एक ऐसी पार्टी है जो समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रही है भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरी है और केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार देश को सशक्त और समृद्ध बनाने के साथ संपूर्ण विकसित भारत के निर्माण के लिए अग्रसार है। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा की भाजपा की असली ताकत कार्यकर्ता है उन्होने सभी से अपील किया कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य और केन्द्र सरकार के योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाकर समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम में हेमोबाई, नागेश सरपंच ग्राम पंचायत अमलीपदर डॉ. मनिष सिन्हा जिला प्रतिनिधि गरियाबंद पहलाद ध्रुव, चंद्रशेखर ठाकुर, सुरती ध्रुवा, रोशन अवस्थी, संजय दुबे, आनंद यादव, दिनेश नागेश, हरिश मांझी, सुखदेव सोरी, खुदेशवर यादव, भारत मिश्रा, अभीलाल यादव, अभीनाश भोसले, दीपक सागर, मुकेश साहू, चम्पालाल ध्रुव, आयूष दुबे, पहलाद ध्रुव, प्रेम पुजारी देवी सिंह नागेश त्रिभुवन ताम्रकार पीतांबर यादव रोहित कपिल चरन सिंह मरकाम मधूसूधन मांझी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना असंभव : तेजराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम गनियारी तीन द्विवसीय रामचरितमानस सम्मेलन का दूसरा दिन शुक्रवार को टाहकापार बस्तर, मोगरापाली उड़िसा, मगरलोड धमतरी, बहूरन भेण्ड्री अम्बागढ़ चौकी, सोरिद खुर्द रमाईपाठ, कन्हार पुरी कुरूद, अमोदी बलौदाबजार, सालिक झिटिया अम्बागढ़ चौकी, संगीतमय, मनभावन भजन एवं प्रेरक राम कथा का व्याख्या किया गया। गुर बैताल मानस परिवार मगरलोड की प्रस्तुति शानदार हुई। जिनके व्याख्याकार तेजराम साहू, डोमार सिंग ध्रुव गायक, नोहर साहू आर्गन, मेरू राम तबला, भावेश, टिकट साहू पेड के संगत से मानस श्रोता सुनने का अवसर मिला। व्याख्याकार तेजराम साहू ने रामायण में गुरू शिष्य संबंध पर विस्तृत चर्चा किया। कहा कि रामायण में गुरु-शिष्य परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। गुरु को ज्ञान और शक्ति का स्त्रोत



माना जाता है और रामायण में गुरु की महिमा का वर्णन कई जगह पर किया गया है, जिसमें तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस भी शामिल है। गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना असंभव माना जाता है और गुरु को शिष्य के जीवन में मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करने वाला बताया गया है। आगे कहा की शिष्य को ज्ञान, शिक्षा और जीवन के मूल्य सिखाता है और उसे सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। ज्ञात हो कि गनियारी ग्रामवासियों के तत्वावधान में 8 से 11 अप्रैल तक रामचरितमानस संगीत मय हुई। जिसमें गांव की महिलाओं, युवतियों ने बढ चढ कर शामिल हुए। ग्राम प्रधान यशवंत साहू, ग्राम सचिव सुरेश सिन्हा, स्थानीय मानस मंडली अध्यक्ष गुलाल सिन्हा उपाध्यक्ष दशरथ निर्मलकर, भागी राम साहू, हिरामन सिन्हा, तिरथ साहू, कामता निर्मलकर, डोमार सिन्हा, जुगराम साहू, कृष्ण कुमार सिन्हा,गयाराम सिन्हा, पवन, संतोष निर्मलकर, डगन लाल कोमल मानिकपुरी सहित ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया।

## जपं में विभिन्न विभागों में सभापति व सदस्य बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम-फिंगेश्वर जनपद में विभिन्न विभागो की समिति बनी जिसमें सामान्य प्रशासन समिति में सभापति के रूप में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू एवं सदस्य के रूप में जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव,मंजू-कमलेश साहू,नंदु यादव,डॉ दिलीप साहू,मंजू-दिनेश साहू,राधेश्याम साहू,नीतू-चित्रसेन साहू,कृषि समिति में सभापति मंजू-कमलेश साहू,सदस्य के रूप में नीता साहू,नंदू यादव,रामेश्वरी कुर्रे,गोदावरी-लेखराम साहू,शिक्षा समिति में सभापति जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव और सदस्य के रूप में गोदावरी-लेखराम साहू,चंपेश्वरी ध्रुव,रामेश्वरी







कुर्रे,नीता साहू,संचार तथा संकर्म समिति में सभापति नंदू यादव,सदस्य पूजा-मुकेश भारती,रूखमणी सिन्हा,रामेश्वरी कुर्रे,डॉ दिलीप साहू,सहकारिता एवं उद्योग समिति में सभापति डॉ दिलीप साहू और सदस्य के रूप में प्रेमिन ध्रुव,पूजा-मुकेश भारती,रोशन डहरिया,नीतू-चित्रसेन साहू,स्वास्थ्य एवं बाल विकास समिति में सभापति मंजू-दिनेश साहू,सदस्य गोदावरी साहू,रूखमणी सिन्हा,चंपेश्वरी ध्रुव,प्रेमिन ध्रुव, वन समिति में सभापति राधेश्याम साहू,सदस्य प्रेमिन ध्रुव,रोशन डहरिया,पूजा-मुकेश भारती,चंपेश्वरी ध्रुव, स्वच्छता समिति में सभापति नीतू साहू,सदस्य रोशन डहरिया,नीता साहू,मंजू साहू,टायल साहू बनाए गए।


HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### प्राचार्य डॉ. तलवारे को मिला सामाजिक समरसता सम्मान

**गरियाबंद।** शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद के प्राचार्य डॉ. रामकिशोर तलवारे को सामाजिक समरसता सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज गौरव विकास समिति, रायपुर द्वारा समाज हित में किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. तलवारे ने



शिक्षा, लेखन एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए समाज में जागरूकता और एकता को बढ़ावा दिया है। उन्हें यह सम्मान उनकी सेवाभावना, शैक्षणिक नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदान किया गया है। डॉ. तलवारे वर्तमान में गरियाबंद स्थित अग्रणी महाविद्यालय शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र में नोडल प्राचार्य के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मतदाता जागरूकता तथा शिक्षा प्रशासन में भी अहम योगदान दिया है। सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर स्थित गंधर्व गार्डन, ब्लॉक कॉलोनी, अम्बुजा में किया गया, जहां उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, साहित्यकार एवं समाजसेवी उपस्थित थे। स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ विचार आवश्यक हैं, इस चिंतन के साथ डॉ. तलवारे समाजहित में निरंतर कार्यरत हैं।

### प्रतिबंध के बावजूद मांस का विक्रय, दो दुकानों पर हुई चालानी कार्रवाई

**नवापारा-राजिम।** महावीर जयंती पर शासन व्दारा मांस विक्रय आदि प्रतिबंधित होने के बाद भी दुकानें खुली होने के कारण सकल जैन समाज ने संध्या रैली के रूप में बस स्टैण्ड पहुंचकर चक्का जाम करने का प्रयास किया। सकल जैन समाज के अध्यक्ष शेखर बाफना, दिगंबर जैन पंचायत के पूर्व अध्यक्ष किशोर सिंघई, वर्तमान अध्यक्ष अखिलेश नाहर, सचिव आशीष चौधरी सहित समाज के वरिष्ठ लोगों ने थाना प्रभारी सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा को चक्का जाम करने की जानकारी दी। इन दोनों अधिकारियों ने समझाते हुए कहा कि कानून अपने हाथ में मत लो, कार्यवाही करते हैं। पालिकाधिकारी ने तत्काल दो दुकानों का चालान बनाया और समाज को आश्वस्त किया कि भविष्य में यह स्थिति नहीं आएगी। सकल जैन समाज ने दोनों अधिकारियों को साधुवाद देते हुए भविष्य में सहयोग की अपील की।

### जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक है सुशासन तिहार

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार को साय सरकार का जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक बताया है। भाजपा नेता श्री साहू ने कहा कि 1 साल से अधिक के सुशासन कार्यकाल में भाजपा ने प्रदेश में चहुंओर विकास की धारा प्रवाहित कर दी है। प्रदेश के किसान, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा सभी का ख्याल साय सरकार ने रखा है।

**महोत्सव :** शोभायात्रा पुराना बस स्टेंड होते हुए सदर बाजार, शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची

# नवापारा-राजिम में धूमधाम से मनाया गया महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जैनधर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का 2524वां जन्म कल्याणक महोत्सव चैत्र सुदी तेरस गुरुवार को सकल जैन समाज द्वारा भावभक्ति पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की भव्य रथयात्रा दिगम्बर जैन पंचायत से श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर होते हुए निकली। इसके पूर्व श्री जी की प्रतिमा को पांडुशिला में विराजमान कर अभिषेक की क्रिया हुई। तत्पश्चात प्रतिमा जी को सुसज्जित रथ में श्री जी की प्रतिमा, दूसरे रथ में 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की चरण पादुका, मधुर भजन व बैंड ग्रुप सुमधुर भजनों एवं जय जयकारा से समाज के युवा अपनी प्रतिभा



का प्रदर्शन कर रहे थे। सकल जैन समाज के बालगोपाल, युवा युवतियों एवं श्रावक श्राविकाएं पारंपरिक ड्रेस में शोभायात्रा की शान बढ़ा रहे थे। नगर भ्रमण के समय स्थान स्थान पर जैन जैनेतर भाईबहनों ने प्रभु वीर, भाचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की अक्षत श्रीफल एवं आरती करके बघाया। अग्रवाल नवयुवक मंडल, पूज्य सिंघ पंचायत, सांखला परिखार, मनोज जैन एवं अनेक श्रेष्ठी जनो ने शीतल पेय की सुंदर व्यवस्था रखी। रथयात्रा पार्श्वनाथ जैन दिगम्बर-मंदीर, गंजरोड, होते हुए महावीर चौक पहुंची जहां पर सकल जैन समाज के ट्रस्टी जनो द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात रथयात्रा पुराना बस स्टेंड होते हुए सदर बाजार शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। पुनः श्री जी का अभिषेक पूजन हुआ। सकल जैन समाज का वात्सल्य भोज दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा मानवाराभवन में रखा गया। विशेष आयोजन भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस के उपलक्ष में संध्या 6.30 बजे महाआरती एवं संध्या 7 बजे महावीर का पालना एवं डिजिटल रूप में वर्तमान से महावीर की यात्रा का चित्रण स्थानीय नसियाजी में किया गया।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल वादा नहीं बल्कि एक प्रतिज्ञा थी : अशोक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज ने अभनपुर क्षेत्र के ग्राम छांटा और परसदा में आयोजित मानस सम्मलेन में कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से देश में सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था पहले से बढ़ी है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल वादा नहीं बल्कि एक प्रतिज्ञा थी जो पूरी हुई। प्रयागराज के महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं ने डूबकी लगा कर धर्म के प्रति आस्था का परिचय दिया है। श्री बजाज ने कहा कि देश में हो रहे बड़े बदलाव के कारण दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। आज एक देश-एक चुनाव की चर्चा हो रही है, पूरा देश बार बार के चुनाव से मुक्ति चाहता है। एक देश एक चुनाव से समय, श्रम व धन की बचत होगी। आप लोग भी अपने ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित कर सीधे राष्ट्रपति को भेंजें ताकि राष्ट्रपति को आपकी धारणा की जानकारी हो सके। इससे उन्हें निर्णय लेने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अन्नू तारक, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभनपुर अनिल अग्रवाल एवं खोरपा के मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, जनपद सदस्य ब्रह्मानंद साहू, सरपंच एसकुमार साहू, गोपाल साहू, गुलाब साहू, दशरथ साहू, अशोक साहू, कमलनारायण साहू, भावेश दिवाकर, कृष्ण कुमार, राजू साहू, रूपनारायण, युवराज साहू, सरपंच परसदा रमेश वर्मा, तारिणी साहू, खेलावन साहू, टीकू यादव, ललित, मोहन साहू, महेंद्र वर्मा, जगदीश साहू, बोधन ध्रुव, गोपाल साहू, होरी लाल, घनश्याम यादव, रामकुमार हिरवानी, द्वारका हिरवानी, शत्रुघ्न सेन आदि उपस्थित हुए थे।





# मानसगान सम्मेलन कलशयात्रा के साथ शुभारंभ

मुड़ागांव(कोरासी)। ग्राम कोरासी, पीपरछेड़ी, तौरेगा में समस्त ग्रामवासीयों एवं दान दाताओं की अपार सहयोग से महावीर जयंती के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन समारोह का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया गया है। जिसमें राज्य के ख्याति प्राप्त मंडलियों ने शुक्रवार को द्रोपदी मानस परिवार, अछोला महासमुंद पुष्पांजली महिला मानस परिवार, सौरागढ़ राजनांदगांव चंदन मानस परिवार रवेली गरियाबन्द ओम शिवम मानस परिवार, परेवाडीह धमतरी जय गुरूदेव संकिर्तन मानस परिवार झलप महासमुन्द जय अम्बे मानस परिवार, बरभांठा गरियावन्द उवत सूरज मानस परिवार, झीथरी डुमर गरियाबंद और 12 अप्रैल को श्रद्धा सुमन बालिका मानस परिवार, पचपेड़ी धमतरी कौशिल्या के राम महिला मानस परिवार, सौरझिटी धमतरीरामरसिया मानस परिवार, नयापारा रायपुर जयराम कृष्ण महिला मानस परिवार, भेण्ड्री धमतरी प्रयाग मानस परिवार राजिम गरियाबंद माटि के महक मानस परिवार बेलटुकरी, राजिम गरियाबंद अंजनी महिला मानस परिवार, सिर्री धमतरी तरूण मानस परिवार तोरला रायपुर संतो के संघ मानस परिवार पैरीधाम पाथर मोहदा (गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। जिसका समापन 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर होगा। ग्राम कोरासी में 10 अप्रैल को मानस गान सम्मेलन का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें ग्रामीणजन बाजा गाजा फटाखों एवं जय जय श्री राम की नारा लगाते हुए गली मोहल्ले का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा मानस मंच तक पहुंचा और भव्य महाआरती के साथ पुरोहित पंडित श्री चंदन सिंह ठाकुर के द्वारा भगवान श्री सीताराम भ्राता लक्ष्मण और हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कर प्रथम दिवस की प्रथम पुष्प के रुप में तिंरगा मानस परिवार लोहझर की मनमोहक प्रस्तुति हुई।

**मनुष्य अपने अनुभवों से सीखता है**

द्वितीय दिवस की प्रथम पुष्प के रुप में प्रथम प्रस्तुति श्री उवत सूरज मानस परिवार झीथरी डुमर के व्याख्याकार सावन ध्रुव ने पावन प्रसंग में चर्चा करते हुए श्रोता समाज को बताया कि रामचरितमानस गान हमें धर्म, नैतिकता, प्रेम, समर्पण, सहनशीलता और साहस जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों की शिक्षा देती है। यह हमें जीवन के विभिन्न पहलुओं में अच्छे निर्णय लेने और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देती है। रामचरितमानस हमें यह भी सिखाता है कि चुनौतियों का सामना कैसे करें, अपनी गलतियों से कैसे सीखें, और कैसे प्रगति करें। राम चरित मानस सिखाती है कि हर मनुष्य अपने अनुभवों से ही सीखता है। भगवान राम की जीवन यात्रा से सीखने को मिलता है कि चुनौतियों का सामना करने और अपनी गलतियों से सीखने के बाद ही मनुष्य को प्रगति मिलती है। पेरेंट्स को अपने बच्चों को अपने रास्तों पर खुद चलने देना चाहिए, उन्हें अपने निर्णय लेने देना चाहिए। इस संदेश के साथ अपने मधुर मधुर भजनों में दर्शक दीर्घा को तिरकने में मजबूर किया। पूरे ग्राम राममय और भक्ति भावना से सराबोर होकर भगवान श्री हनुमान जी के जन्म उत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही हैं।

# हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन ने बेजुबानों के लिए भोजन और पानी व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भीषण गर्मी के चलते जहां इंसान बेहाल हैं। वहीं बेजुबान जानवरों की स्थिति भी दयनीय होती जा रही है। ऐसे में हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जानवरों के लिए जगह–जगह भोजन और पानी के सकोरे रखने की पहल शुरू की है। फाउंडेशन की ओर से विभिन्न क्षेत्रे जैसे मंदिर परिसर, सार्वजनिक स्थल, पार्क, गलियां और बाजार क्षेत्रें में मिट्टी के बर्तन रखे गए हैं। इन बर्तनों में प्रतिदिन साफ पानी और जानवरों के लिए उपयुक्त भोजन डाला जा रहा है, ताकि वे इस झुलसाती गर्मी में राहत पा सकें। संस्था के अध्यक्ष आशुतोष सिंह राजपूत ने बताया कि गर्मी में अक्सर बेजुबान जानवर पानी की तलाश में भटकते रहते हैं और कई बार प्यास से दम तोड़ देते हैं। ऐसे में यह पहल उनके लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि हर व्यक्ति अपने घर या कार्यस्थल के बाहर एक बर्तन में पानी और थोड़ा भोजन रखे, जिससे आसपास रहने वाले पशु–पक्षी लाभान्वित हो सकें। आशुतोष ने कहा, यह न केवल एक सामाजिक कार्य है, बल्कि हमारी संवेदनशीलता और इंसानियत की असली पहचान भी है। प्रकृति ने हमें सोचने और समझने की शक्ति दी है, तो हमें उन प्राणियों के लिए भी सोचना चाहिए जो अपनी पीड़ा व्यक्त नहीं कर सकते। फाउंडेशन की इस पहल को क्षेत्रवासियों से सकारात्मक समर्थन मिल रहा है। कई स्वयंसेवक भी इस अभियान में शामिल हो रहे हैं और अपने-अपने मोहल्लों में बेजुबानों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन की योजना है कि आने वाले दिनों में इस अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर लागू किया जाए। संस्था का उद्देश्य है कि इस गर्मी में किसी भी जानवर को भूखा या प्यासा न रहना पड़े।

# सरपंच व ग्रामीणों ने की सचिवों के शासकीयकरण की मांग

**छुरा।** ग्राम पंचायत सचिवों के एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल आज भी अनवरत जारी रहा। जिला अश्यक्ष प्रवीण साहू और ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर ने बताया कि सचिव शासन का सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है सरपंच के साथ साथ ग्रामीण जन भी अपने रोज मर्रा की समस्याओं से जूझ रहा है। वर्तमान में सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है लेकिन सचिवों के हड़ताल में चले जाने से सुशासन तिहार पर ग्रहण लग गया है। विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच गणों ने और बहुत सारे ग्रामीण जनों ने सुशासन तिहार के अन्तर्गत आवेदन कर के सचिवों के शासकीय करण की मांग करते हुए मोदी को गारंटी को तत्काल पूरा करने की मांग किया गया है। कई सरपंच और ग्रामीणों का कहना है की सचिवों के हड़ताल में जाने से ग्राम पंचायत की सारी सेवाए बाधित हो गया है जिससे सभी शासन के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे है ज्ञात हो की सचिव अपने शासकीय करण की मांग को क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने की तैयारी में है। आज के हड़ताल में जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर, संगठन के सचिव बोधन साहू, उपाध्यक्ष गजेंद्र साहू, प्रवक्ता पीला दाऊ पटेल के साथ-साथ तीरथ नेताम, झगलू साहू, धनेश साहू, दिलीप चंद्राकर, भूपेंद्र सेन, खीलेष नेताम, डेचंद्र, कृष्ण लाल सिन्हा, द्वारिका सेन, काशीराम साहू, द्वारिका साहू, विष्णु साहू मौजूद रहे।

# पीलू राम ने श्रीराम कथा का किया श्रवण पान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कोरासी में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर ग्राम मुड़ागांव निवासी पीलू राम यादव पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरा सह परिवार श्रीराम कथा श्रवण करने पहुंचे और भगवान श्रीराम का कथा का श्रवण पान किया। उनके द्वारा मानस मंच को सजाने के लिए आयोजक परिवार को 11 हजार रूपए दान दिए जिसके लिए उनका श्री फल गमछा से सम्मान कर आभार व्यक्त किया।



**बदलता परिदृश्य और आदिवासी जीवन विषय पर हुआ संगोष्ठी का उद्घाटन**

# प्रकृति, परंपरा और सहजीवन की जीवंत विरासत हैं आदिवासी : प्रो. विनय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में आयोजित बदलता परिदृश्य और आदिवासी जीवन विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. विनय कुमार पाठक थे तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में वर्जिनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग के सीनियर फेलो डॉ. मोनाली मल थी। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष बिस्वास ने भी भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार प्रो लोक जीवन में आदिवासी समुदाय की अपनी एक खास जगह है। कोई भी लेखक जो कुछ लिखता है, वो उसकी अपनी सोच और अनुभव होता है, उसमें गलतियाँ हो सकती हैं। लेकिन जो बात समाज या लोक सोचता है, उसमें सदियों का अनुभव होता है, वो यूँ ही नहीं होता और आमतौर पर सही होता है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज को सही तरीके से समझने के लिए जरूरी है कि हम उनके बीच जाकर उनका जीवन देखें-समझें। मुझे बहुत खुशी है कि ये संगोष्ठी उन्हीं के बीच हो रही है, जिससे असली बात सामने आ सकेगी। बदलते परिदृश्य में आदिवासियों को समझना आज के समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, क्योंकि यह केवल सामाजिक न्याय का नहीं, सांस्कृतिक समझ और संवेदनशीलता का प्रश्न भी है। आदिवासी समाज हमारी सभ्यता की जड़ों से जुड़ा हुआ वह समुदाय है, जिसने प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की अनोखी परंपरा रची है।

**आदिवासियों के पास है प्रकृति और पारंपरिक ज्ञान**

डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि आदिवासियों के पास प्रकृति, विशेष रूप से वनस्पतियों का अत्यंत समृद्ध और पारंपरिक ज्ञान है। वे पीढ़ियों से पेड़-पौधों की पहचान, औषधीय उपयोग और उनके संरक्षण की विधियों को जानते आए हैं। यह ज्ञान आज भी मुख्यधारा के विज्ञान और समाज से काफी हद तक अछूता है। आधुनिकता की दौड़ में हम अक्सर अपने आसपास के संसाधनों और




अपनी संस्कृति के महत्व को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि आदिवासी समुदायों की जीवनशैली में प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव और संतुलन का उदाहरण देखने को मिलता है। विचार सत्र के पहले क्रम में डॉ. निस्टर कुजूर, डॉ. कुबेर सिंह गुरूपंच, डॉ. रश्मि कुजूर और डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित किया जो साहित्य, कला और स्थानीयता पर केंद्रित था।

**आदिवासी म्यूजियम और लाइब्रेरी की स्थापना की जाए-** आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल ने कहा कि हम आज उस धरती पर हैं, जहाँ की मिट्टी में लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विविधताओं और आदिवासी जीवन की सुगंध रची-बसी है। आदिवासी समाज हमारे देश की आत्मा है, जिनकी परंपराएँ, ज्ञान और जीवनशैली हमें संतुलित, सहअस्तित्वपूर्ण जीवन का पाठ पढ़ाती हैं। मैं यह प्रस्ताव करता हूँ कि एक आदिवासी म्यूजियम और लाइब्रेरी की स्थापना की जाए एक ऐसा केंद्र जहां आदिवासी समुदायों की बोली, उनकी कला, शिल्प, रीति-रिवाज, लोककथाएँ, गीत, और ज्ञान परंपरा संरक्षित और प्रस्तुत की जा सके।

